केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् 1947-2015

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद्
1947-2015
(15 अगस्त 1947 से 28 अगस्त 2015 तक)

"केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के सदस्यों के नाम तथा संविभाग"

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

लोक सभा
सचिवालय
नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद्
(1947-2015)

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के सदस्यों
के नाम तथा
संविभाग

(15 अगस्त 1947 से 28 अगस्त 2015 तक)

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली
2016

लार्डिस/संदर्भ 2016

पहला संस्करण	:	1968
दूसरा संस्करण	:	1978
तीसरा संस्करण	:	1985
पुनः मुद्रित	:	1987
चौथा संस्करण	:	1990
पांचवां संस्करण	:	1997
छठा संस्करण	:	2004
सातवां संस्करण	:	2011
आठवां संस्करण	:	2016

मूल्य : ₹ 500.00
$ 7.50
£ 6.00

© 2016 लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (पन्द्रहवां संस्करण) के नियम 382 के अंतर्गत प्रकाशित और एजीयन ऑफसेट प्रिन्टर्स, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।

आमुख

इस पुस्तिका में 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक के केंद्रीय मंत्रिपरिषद् के सदस्यों और उनके संविभागों से संबंधित जानकारी दी गई है। सर्वप्रथम यह पुस्तिका मई, 1968 में प्रकाशित की गई थी और यह अद्यतन संस्करण इस शृंखला का आठवां संस्करण है, जिसमें 15 अगस्त, 1947 से 28 अगस्त, 2015 तक की अवधि की जानकारी दी गई है।

इस पुस्तिका की प्रस्तावना में प्रत्येक श्रेणी के मंत्रियों की संख्या, सभी प्रधान मंत्रियों के कार्यकाल और केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में समय-समय पर हुए परिवर्तनों को शामिल किया गया है।

यह पुस्तिका सात भागों में विभाजित है। भाग एक में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से लेकर अब तक के प्रधान मंत्रियों के नाम हैं; भाग दो में उन मंत्रियों के कार्यकाल का विवरण है जो उप प्रधान मंत्री बने; भाग तीन में कैबिनेट मंत्रियों के नाम हैं; भाग चार में उन मंत्रियों के नाम हैं जो कैबिनेट स्तर के तो थे, लेकिन मंत्रिमंडल के सदस्य नहीं थे; भाग पांच में उन राज्य मंत्रियों के नाम हैं जो अपने मंत्रालयों/विभागों के स्वतंत्र प्रभारी रहे; भाग छह में प्रधान मंत्री तथा विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों से संबद्ध राज्य मंत्रियों के नाम हैं; और भाग सात में उप मंत्रियों तथा उप मंत्री स्तर के संसदीय सचिवों के नामों की सूची दी गई है।

प्रधान मंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 26 मई 2014 को एक नई मंत्रिपरिषद् ने शपथ ली। इस मंत्रिपरिषद् के सदस्यों के नामों और संविभागों (28 अगस्त, 2015 तक) को इस पुस्तिका में अनुबंध के रूप में शामिल किया गया है।

इस पुस्तिका में संदर्भ-सुविधा के लिए मंत्रिपरिषद् के सदस्यों के नामों संबंधी अनुक्रमणिका तथा विषय अनुक्रमणिका भी दी गयी है।

पुस्तिका में अंतर्विष्ट सूचना का प्रमुख स्रोत मंत्रिमंडल सचिवालय है। इसके अतिरिक्त, प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा इस विषय पर जारी प्रकाशनियों, प्रेस रिपोर्टों और इस विषय से सम्बद्ध पुस्तकों से भी सहायता ली गई है।

आशा है कि यह पुस्तिका इसमें रुचि रखने वाले सभी पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

नई दिल्ली
फरवरी, 2016
फाल्गुन, 1937 (*शक*)

अनूप मिश्र
महासचिव
लोक सभा

विषय-सूची

		पृष्ठ
1.	**आमुख**	(i)
2.	**प्रस्तावना**	(v)
3.	**भाग एक** प्रधान मंत्री	1
4.	**भाग दो** उप प्रधान मंत्री	18
5.	**भाग तीन** कैबिनेट मंत्री	21
6.	**भाग चार** कैबिनेट स्तर के मंत्री लेकिन मंत्रिमंडल के सदस्य नहीं	109
7.	**भाग पांच** मंत्रालयों/विभागों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)	112
8.	**भाग छह** प्रधान मंत्री तथा कैबिनेट मंत्रियों से संबद्ध राज्य मंत्री	129
9.	**भाग सात** उप मंत्री/संसदीय सचिव	190
10.	**अनुबंध** श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद् (28.08.2015 तक)	201
11.	**नाम अनुक्रमणिका**	205
12.	**विषय अनुक्रमणिका**	232

प्रस्तावना

भारत के संविधान के अनुच्छेद 74 और अनुच्छेद 75 के अंतर्गत एक मंत्रिपरिषद् की व्यवस्था की गई है। अनुच्छेद 74(1) में उल्लेख है कि 'राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद् होगी जिसका प्रधान, प्रधान मंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों के निष्पादन में ऐसी सलाह के अनुसार कार्य करेगा'। प्रधान मंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधान मंत्री की सलाह पर की जाती है।

मंत्रिपरिषद् संसद के दोनों सदनों से गठित की जाती है। तथापि, संविधान के अनुच्छेद 75(3) के अंतर्गत यह लोक सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होती है।

सामान्यत: मंत्री के रूप में नियुक्ति के लिए किसी व्यक्ति को संसद के किसी एक सदन का सदस्य होना होता है। तथापि, संविधान के अंतर्गत किसी व्यक्ति के लिए संसद का सदस्य न होने पर भी मंत्री के रूप में नियुक्ति पर कोई रोक नहीं है। परंतु यदि वह मंत्री के रूप में अपनी नियुक्ति के छह महीने के भीतर संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं बन पाता (निर्वाचन या मनोनयन द्वारा, जैसा भी मामला हो) तो उसके पश्चात् वह मंत्री नहीं रहता। संविधान के अनुच्छेद 75(5) में वर्णित है कि ''कोई मंत्री, जो निरंतर छह मास की किसी अवधि तक संसद के किसी सदन का सदस्य नहीं है, उस अवधि की समाप्ति पर मंत्री नहीं रहेगा''। केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में शामिल किए गए कुछ गैर-संसद सदस्यों के उदाहरण इस प्रकार हैं—वर्ष 1966 में डॉ. त्रिगुण सेन, वर्ष 1977 में श्री शान्ति भूषण, वर्ष 1979 में न्यायमूर्ति एच.आर. खन्ना और श्री एस.एन. कक्कड़, वर्ष 1985 में श्री अर्जुन सिंह, वर्ष 1988 में श्री बीर बहादुर सिंह, वर्ष 1989 में श्री दिनेश गोस्वामी एवं प्रो. एम.जी.के. मेनन, वर्ष 1990 में डॉ. राजा रमन्ना, वर्ष 1991 में डॉ. मनमोहन सिंह तथा श्री शरद पवार, वर्ष 1996 में श्री योगेन्द्र कुमार अलघ एवं श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया तथा वर्ष 1999 में श्री अरुण जेटली। प्रसंगवश, श्री पी.वी. नरसिंह राव एवं श्री एच.डी. देवगौड़ा भी क्रमश: 21 जून 1991 तथा 1 जून 1996 को प्रधान मंत्री नियुक्त किए जाते समय संसद सदस्य नहीं थे।

संविधान में मंत्रिपरिषद् के सदस्यों का विभिन्न दर्जों यथा कैबिनेट मंत्री, राज्य स्तर के मंत्री तथा उप मंत्री के रूप में वर्गीकरण नहीं किया गया है। यह सब अनौपचारिक रूप से ब्रिटिश प्रणाली के अनुरूप तथा प्रशासनिक सुविधा के लिए किया गया है। तथापि, भारत के संदर्भ में मंत्रियों के सम्बलमों और भत्तों से संबंधित अधिनियम, 1952 की धारा 2 द्वारा इस प्रकार के वर्गीकरण को वैधानिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस अधिनियम में दी गई ''मंत्री'' की परिभाषा के अनुसार ''मंत्री'' मंत्रिपरिषद् का सदस्य होता है चाहे उसे किसी भी नाम से अभिहित किया जाए और इसमें उप मंत्री भी शामिल होता है।

कैबिनेट मंत्री अपने मंत्रालयों के प्रमुख होते हैं और जो प्रधान मंत्री एवं उनके माध्यम से राष्ट्रपति एवं लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होते हैं। राज्य मंत्रियों की दो श्रेणियां होती हैं। उनमें से कुछ मंत्रियों को मंत्रालयों/विभागों का स्वतंत्र प्रभार सौंपा जाता है जबकि अन्य मंत्रियों को प्रधान मंत्री/कैबिनेट

मंत्रियों के साथ सम्बद्ध किया जाता है जो कि मंत्रालयों के कार्यों के निष्पादन में उनकी सहायता करते हैं। इसके अतिरिक्त उप मंत्री/संसदीय सचिव भी होते हैं जिनका मुख्य कार्य अपने वरिष्ठ मंत्रियों/ प्रधान मंत्री की उनके कार्य में सहायता करना होता है।

यह पुस्तिका स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर 28 अगस्त, 2015 तक की अवधि के दौरान समय-समय पर नियुक्त किए गए मंत्रियों एवं उनके संविभागों के नामों का सुसम्बद्ध एवं समेकित संकलन है। श्री गुलजारी लाल नंदा के अतिरिक्त मंत्रिपरिषद् के प्रत्येक सदस्य का नाम उसके द्वारा अंत में धारण किए गए रैंक के अंतर्गत दर्शाया गया है। श्री गुलजारी लाल नंदा का नाम प्रधान मंत्रियों की सूची में शामिल किया गया है। यह देखा जा सकता है कि 15 अगस्त, 1947 से 26 मई, 2014 (मंत्री परिषद के भंग होने की तारीख) तक की अवधि में, एक कार्यवाहक प्रधान मंत्री सहित 14 प्रधान मंत्री; सात उप प्रधान मंत्री (जिनमें से दो अर्थात् श्री मोरारजी देसाई तथा श्री चरण सिंह बाद में प्रधान मंत्री बने); 302 कैबिनेट मंत्री; 8 कैबिनेट स्तर के मंत्री लेकिन जो कैबिनेट के सदस्य नहीं थे (ये मंत्री राज्य मंत्रियों के स्तर के ही थे); स्वतंत्र प्रभार वाले 61 राज्य मंत्री; प्रधान मंत्री/ कैबिनेट मंत्रियों के साथ सम्बद्ध 323 राज्य मंत्री एवं 69 उप मंत्री हुए हैं।

भारत के प्रधान मंत्री के रूप में प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल निर्बाध रूप से सबसे लंबा अर्थात् 16 वर्ष, 9 महीने और 13 दिन का था। प्रधान मंत्री के रूप में श्री अटल बिहारी वाजपेयी का प्रथम कार्यकाल 16 मई से 1 जून, 1996 तक मात्र 17 दिन का रहा जो अब तक का सबसे छोटा कार्यकाल है। अन्य नेताओं में श्री गुलजारी लाल नन्दा ऐसे व्यक्ति थे, जो कार्यवाहक प्रधान मंत्री के रूप में दो बार चौदह-चौदह दिनों के लिए इस पद पर आसीन हुए। वह पहली बार 27 मई से 9 जून, 1964 तक और दूसरी बार 11 जनवरी से 24 जनवरी, 1966 तक प्रधान मंत्री रहे। श्रीमती इंदिरा गांधी को भारत की प्रथम और अब तक की एकमात्र महिला प्रधान मंत्री होने का गौरव प्राप्त हुआ। वह पहली बार 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक 11 वर्ष, 2 महीने और उसके बाद 14 जनवरी, 1980 से 31 अक्तूबर 1984 तक 4 वर्ष, 9 महीने और 18 दिन तक प्रधान मंत्री रहीं। जहां तक अन्य प्रधान मंत्रियों का संबंध है, श्री मोरारजी देसाई 2 वर्ष, 4 महीने और 5 दिन (24 मार्च, 1977 से 28 जुलाई, 1979 तक) प्रधान मंत्री रहे और श्री चरण सिंह 6 महीने तथा 18 दिन (28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक) इस पद पर रहे। श्री राजीव गांधी 5 वर्ष, 1 महीना तथा 2 दिन (31 अक्तूबर, 1984 से 2 दिसम्बर, 1989 तक); श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह 11 महीने तथा 8 दिन (2 दिसम्बर, 1989 से 10 नवम्बर, 1990 तक); श्री चन्द्रशेखर 7 महीने तथा 11 दिन (10 नवम्बर, 1990 से 21 जून, 1991 तक); और श्री पी.वी. नरसिंह राव 4 वर्ष, 10 महीने तथा 26 दिन (21 जून, 1991 से 16 मई, 1996 तक) प्रधान मंत्री रहे। श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बाद श्री एच.डी. देवगौड़ा भारत के 12वें प्रधान मंत्री के रूप में 1 जून, 1996 को इस पद पर आसीन हुए। श्री एच.डी. देवगौड़ा इस पद पर 10 महीने और 20 दिन (1 जून, 1996 से 21 अप्रैल, 1997 तक) रहे जबकि उनके बाद श्री इन्द्र कुमार गुजराल इस पद पर 10 महीने तथा 28 दिन (21 अप्रैल, 1997 से 19 मार्च 1998) तक आसीन रहे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रधान मंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान 1 वर्ष, 6 महीने तथा 24 दिन (19 मार्च, 1998 से 13 अक्तूबर, 1999 तक) पद पर रहे। श्री वाजपेयी प्रधान मंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान 13 अक्तूबर, 1999 से 22 मई, 2004 तक पद पर रहे।

डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रधान मंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान 22 मई, 2004 को पद ग्रहण किया और 22 मई 2009 तक उस पद पर रहे। डॉ. मनमोहन सिंह प्रधान मंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान 22 मई, 2009 से 26 मई, 2014 तक पद पर रहे।

कैबिनेट मंत्रियों में, श्री जगजीवन राम का इस रूप में कार्यकाल सबसे अधिक 32 वर्ष रहा, जिसमें 1 महीने और 26 दिन का मामूली अंतराल आया था। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री के रूप में न्यायमूर्ति श्री एच.आर. खन्ना का कार्यकाल सबसे कम अवधि का रहा जो 30 जुलाई से 3 अगस्त, 1979 तक मात्र पांच दिन ही चला जब श्री खन्ना ने श्री चरण सिंह के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद् से त्यागपत्र दे दिया।

केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में प्रधान मंत्रियों द्वारा समय-समय पर परिवर्तन/फेरबदल किए जाते हैं। श्री राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान मंत्रिपरिषद् में 36 बार परिवर्तन किए गए, जिनमें छह बड़े फेरबदल शामिल हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधान मंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान मंत्रिपरिषद् में जनवरी, 1980 से अक्तूबर, 1984 तक 28 परिवर्तन किए, जिनमें से 8 बड़े फेरबदल शामिल थे। 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक प्रधान मंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् में 39 बार परिवर्तन हुए जिनमें से 8 बड़े फेरबदल शामिल थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू के समूचे कार्यकाल में 63 बार परिवर्तन हुए जिनमें से 8 बड़े फेरबदल शामिल थे। जब श्री लाल बहादुर शास्त्री प्रधान मंत्री थे तो उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद् में एक बड़े फेरबदल सहित 10 परिवर्तन किए। श्री मोरारजी देसाई ने प्रधान मंत्री रहते हुए मंत्रिपरिषद् में 10 परिवर्तन किए जिसमें से 4 बड़े फेरबदल शामिल थे और श्री चरण सिंह ने प्रधान मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् में 2 बड़े फेरबदल सहित 6 परिवर्तन किए। श्री वी.पी. सिंह और श्री चन्द्रशेखर दोनों ने अपने-अपने कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् में एक-एक परिवर्तन किया। श्री पी.वी. नरसिंह राव के कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् में 9 परिवर्तन किए गए जिनमें से तीन बड़े फेरबदल शामिल थे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधान मंत्री के रूप में पहले छोटे से कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् में एक परिवर्तन हुआ जबकि अपने दूसरे कार्यकाल में श्री वाजपेयी ने 2 बड़े फेरबदल समेत 7 परिवर्तन किए। प्रधान मंत्री के रूप में श्री देवगौड़ा के कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् में एक बड़े फेरबदल सहित चार परिवर्तन किए गए जबकि श्री आई.के. गुजराल के कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् में दो परिवर्तन हुए। प्रधान मंत्री के रूप में श्री वाजपेयी के तीसरे कार्यकाल में 14 फेरबदल सहित 19 परिवर्तन किए गए।

प्रधान मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह के पहले कार्यकाल के दौरान मंत्रिपरिषद् में 29 बार परिवर्तन किए गए जिनमें दो बड़े फेरबदल शामिल हैं। प्रधान मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह के दूसरे कार्यकाल के दौरान 3 फेरबदल सहित 36 परिवर्तन किए गए।

भारत में द्विस्तरीय मंत्रिपरिषद् ने पहली बार श्री मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्रित्व में 14 अगस्त, 1977 से 28 जुलाई, 1979 तक काम किया। इसी प्रकार श्री राजीव गांधी ने सभी उप मंत्रियों को प्रोन्नत करके राज्य मंत्री बना दिया और इस प्रकार उनके कार्यकाल में मंत्रिपरिषद् द्विस्तरीय हो गई। प्रसंगवश, प्रधान मंत्री, श्री पी.वी. नरसिंह राव की मंत्रिपरिषद् भी सितम्बर, 1995 के फेरबदल के बाद द्विस्तरीय बन गई थी। श्री अटल बिहारी वाजपेयी के पहले कार्यकाल में उनकी मंत्रिपरिषद् में केवल ग्यारह कैबिनेट मंत्री ही थे। प्रधान मंत्री के रूप में श्री एच.डी. देवगौड़ा और श्री इन्द्र कुमार गुजराल के कार्यकाल के दौरान और श्री अटल बिहारी वाजपेयी के दूसरे और तीसरे कार्यकाल में द्विस्तरीय मंत्रिपरिषद् थी। डॉ. मनमोहन सिंह के पहले कार्यकाल में और लगातार दूसरे कार्यकाल की मंत्रिपरिषद् भी द्विस्तरीय थी।

मंत्रिपरिषद् के सदस्यों के नाम तथा संविभाग तथा उनमें समय-समय पर हुए परिवर्तनों को दर्शाने वाला विवरण

(15.8.1947 से 28.8.2015 तक)

भाग एक

प्रधान मंत्री

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
1.	**गांधी, श्रीमती इन्दिरा नेहरू**	सूचना और प्रसारण मंत्री (2.7.1964 से 11.1.1966* तक) (पुनः 11.1.1966 से 24.1.1966* तक) प्रधान मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा मंत्री (24.1.1966 से 13.3.1967* तक) गृह मंत्रालय का भी कार्यभार संभाला (9.11.1966 से 13.11.1966 तक) प्रधान मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा मंत्री (13.3.1967 से 18.3.1971* तक) योजना मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया (5.9.1967 से 18.3.1971* तक) विदेश मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया (5.9.1967 से 14.2.1969 तक) वित्त मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (16.7.1969 से 27.6.1970 तक) गृह मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (27.6.1970 से 18.3.1971* तक) प्रधान मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा मंत्री (18.3.1971 से 24.3.1977* तक) गृह मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया (18.3.1971 से 5.2.1973 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		सूचना और प्रसारण मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (18.3.1971 से 8.11.1973 तक) योजना मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (18.3.1971 से 24.4.1971 तक) अंतरिक्ष विभाग के मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया (2.6.1972 से 24.3.1977* तक) इलेक्ट्रानिकी विभाग के मंत्री का कार्यभार भी संभाला (17.6.1971 से 24.3.1977 तक) इस्पात और खान मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (6.6.1973 से 23.7.1973 तक) योजना मंत्रायलय का कार्यभार भी संभाला (2.1.1975 से 24.3.1977* तक) विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया (2.1.1975 से 24.3.1977* तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार अस्थायी रूप से संभाला (1.12.1975 से 21.12.1975 तक)
		प्रधान मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा मंत्री (14.1.1980 से 31.10.1984** तक) इलेक्ट्रॉनिकी, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विभागों का कार्यभार भी संभाला (19.10.1980 से 31.10.1984** तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (14.1.1980 से 15.1.1982 तक) विदेश मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (19.7.1984 से 31.10.1984** तक) उद्योग मंत्रालय का कार्यभार संभाला (3.8.1984 से 14.8.1984 तक)
2.	**गांधी, श्री राजीव**	प्रधान मंत्री तथा उन सभी मंत्रालयों/विभागों का कार्यभार भी संभाला जो किसी अन्य मंत्री को आबंटित नहीं किए गए थे (31.10.1984 से 2.12.1989* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

**उनकी हत्या की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		वाणिज्य और पूर्ति; पर्यावरण और वन; विदेश, उद्योग और कंपनी कार्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी; परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष; इलेक्ट्रॉनिकी; महासागर विकास; कार्मिक और प्रशासनिक सुधार; युवा कार्य और खेल, संस्कृति और पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्रालय तथा उन सभी मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी जो किसी अन्य कैबिनेट मंत्री अथवा स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री को आबंटित नहीं किए गए (31.12.1984 से 14.1.1985 तक) पर्यावरण और वन मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (31.12.1984 से 22.10.1986 तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (25.9.1985 से 24.1.1987 तक) परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (4.6.1986 से 24.6.1986 तक) वित्त मंत्री का पदभार ग्रहण किया (24.1.1987 से 25.7.1987 तक) कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया (4.5.1987 से 25.7.1987 तक) पर्यटन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (15.7.1987 से 28.7.1987 तक) विदेश मंत्री का पदभार भी ग्रहण किया (25.7.1987 से 25.6.1988 तक) जल संसाधन मंत्री का पदभार ग्रहण किया (22.8.1987 से 10.11.1987 तक) संचार मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (31.5.1989 से 4.7.1989 तक)
3.	**गुजराल, श्री इन्द्र कुमार**	संसदीय कार्य और संचार विभाग में राज्य मंत्री (18.3.1967 से 14.2.1969 तक) सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (14.2.1969 से 18.3.1971* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		निर्माण, आवास और शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (18.3.1971 से 2.5.1971 तक) निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (2.5.1971 से 22.7.1972 तक) सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (22.7.1972 से 28.6.1975 तक) योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (28.6.1975 से 12.5.1976 तक) विदेश मंत्री (6.12.1989 से 10.11.1990* तक) विदेश मंत्री (1.6.1996 से 21.4.1997* तक) जल संसाधन मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला (1.6.1996 से 29.6.1996 तक) प्रधान मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, इलेक्ट्रॉनिकी; विदेश; जम्मू और कश्मीर मामले; महासागर विकास और अंतरिक्ष मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी भी रहे (21.4.1997 से 19.3.1998* तक) अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्री तथा कोयला मंत्री (10.1.1998 से 19.3.1998 तक) निम्नलिखित का कार्यभार भी संभाला: शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा विद्युत मंत्रालय (21.4.1997 से 9.6.1997 तक) खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (21.4.1997 से 23.4.1997 तक) वित्त मंत्रालय और श्रम मंत्रालय (21.4.1997 से 1.5.1997 तक) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (9.6.1997 से 19.3.1998* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
4.	**चन्द्रशेखर, श्री**	प्रधान मंत्री (10.11.1990 से 21.6.1991* तक) परमाणु ऊर्जा; रक्षा; इलेक्ट्रॉनिकी; गृह; सूचना और प्रसारण; उद्योग; श्रम; महासागर विकास; कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन; योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन; विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी; अन्तरिक्ष, कल्याण मंत्रालयों/विभागों तथा उन विषयों का कार्यभार भी संभाला जो किसी कैबिनेट मंत्री या स्वतंत्र प्रभार वाले किसी राज्य मंत्री को आबंटित नहीं किए गए थे। (21.11.1990 से 21.6.1991* तक) विदेश तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालयों का कार्यभार भी संभाला (20.2.1991 से 21.6.1991* तक) जल संसाधन तथा जल भूतल परिवर्तन मंत्रालयों का कार्यभार भी संभाला (26.4.1991 से 21.6.1991* तक)
5.	**चरण सिंह, श्री**	गृह मंत्री (26.3.1977 से 1.7.1978 तक) उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (24.1.1979 से 16.7.1979 तक) प्रधान मंत्री तथा उन सभी मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी जो किसी अन्य मंत्री को आबंटित नहीं किए गए थे। (28.7.1979 से 14.1.1980* तक)
6.	**देवगौड़ा, श्री एच.डी.**	प्रधान मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; परमाणु ऊर्जा; महासागर विकास; अंतरिक्ष; इलेक्ट्रॉनिकी; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस; विद्युत; जम्मू और कश्मीर मामले संबंधी मंत्रालयों/विभागों तथा उन सभी मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी जो किसी अन्य कैबिनेट मंत्री अथवा स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री को आबंटित नहीं किए गए (1.6.1996 से 21.4.1997* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		गृह तथा कृषि; विज्ञान और प्रौद्योगिकी; रसायन तथा उर्वरक; संचार; पर्यावरण और वन; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण; खान; योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन; इस्पात और वस्त्र मंत्रालयों का कार्यभार संभाला (1.6.1996 से 29.6.1996 तक) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का कार्यभार संभाला (1.6.1996 से 6.7.1996 तक) शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय का कार्यभार संभाला (29.6.1996 से 21.4.1997* तक) अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (1.6.1996 से 21.2.1997 तक)
7.	**देसाई, श्री मोरारजी आर.**	वाणिज्य तथा उपभोक्ता उद्योग और भारी उद्योग मंत्री (14.11.1956 से 1.1.1957 तक) वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री (1.1.1957 से 17.4.1957* तक) (पुनः 17.4.1957 से 22.3.1958 तक) (पुनः 22.3.1958 से 28.3.1958 तक) वित्त मंत्री (22.3.1958 से 10.4.1962* तक) (पुनः 10.4.1962 से 31.8.1963, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक) उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (13.3.1967 से 16.7.1969 तक) उप प्रधान मंत्री (16.7.1969 से 19.7.1969 तक) प्रधान मंत्री (24.3.1977 से 28.7.1979* तक) उन सभी मंत्रालयों तथा विभागों का कार्यभार भी संभाला जो किसी अन्य मंत्री को आबंटित नहीं किए गए थे। (24.3.1977 से 28.7.1979* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय का कार्यभार भी अस्थायी रूप से संभाला (24.3.1977 से 14.8.1977 तक) गृह मंत्रालय का कार्यभार भी अस्थायी रूप से संभाला (1.7.1978 से 24.1.1979 तक) स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय का कार्यभार भी अस्थायी रूप से संभाला (1.7.1978 से 24.1.1979 तक)
8.	**नंदा, श्री गुलजारी लाल**	योजना मंत्री (24.9.1951 से 13.5.1952* तक) योजना तथा नदी घाटी योजना मंत्री (13.5.1952 से 6.6.1952 तक) योजना तथा सिंचाई और विद्युत मंत्री (6.6.1952 से 17.4.1957* तक) श्रम और रोजगार तथा योजना मंत्री (17.4.1957 से 10.4.1962* तक) योजना मंत्री (10.4.1962 से 1.9.1963 तक) गृह मंत्री (1.9.1963 से 27.5.1964* तक) योजना मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला (1.9.1963 से 21.9.1963 तक) श्रम और रोजगार मंत्रालय (1.9.1963 से 24.1.1964 तक) प्रधान मंत्री, विदेश मंत्री, गृह मंत्री और परमाणु ऊर्जा मंत्री (27.5.1964 से 9.6.1964 तक) गृह मंत्री (9.6.1964 से 11.1.1966* तक) प्रधान मंत्री, गृह मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा मंत्री (11.1.1966 से 24.1.1966* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		गृह मंत्री (24.1.1966 से 9.11.1966, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक) रेल मंत्री (18.2.1970 से 18.3.1971* तक)
9.	**नरसिंह राव, श्री पी.वी.**	विदेश मंत्री (14.1.1980 से 19.7.1984 तक) गृह मंत्री (19.7.1984 से 31.10.1984* तक) (पुनः 31.10.1984 से 4.11.1984 तक) गृह मंत्री तथा योजना मंत्री (4.11.1984 से 31.12.1984* तक) रक्षा मंत्री तथा योजना मंत्री (31.12.1984 से 14.1.1985 तक) रक्षा मंत्री (14.1.1985 से 25.9.1985 तक) मानव संसाधन विकास मंत्री (25.9.1985 से 25.6.1988 तक) गृह मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (14.3.1986 से 12.5.1986 तक) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (24.6.1986 से 14.2.1988 तक) विदेश मंत्री (25.6.1988 से 2.12.1989 तक) प्रधान मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी; महासागर विकास; इलेक्ट्रॉनिकी; परमाणु ऊर्जा; अन्तरिक्ष मंत्रालयों/विभागों तथा उन मंत्रालयों और अन्य विषयों के प्रभारी जो किसी अन्य कैबिनेट मंत्री अथवा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को आबंटित नहीं किए गए थे (21.6.1991 से 16.5.1996* तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला (21.6.1991 से 26.6.1991 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला (31.3.1992 से 18.1.1993 तक) श्रम मंत्रालय का कार्यभार संभाला (30.7.1991 से 10.7.1992 तक) अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय का कार्यभार संभाला (2.7.1992 से 16.5.1996* तक) वाणिज्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला (9.7.1992 से 18.1.1993 तक) विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला (9.10.1992 से 16.5.1996* तक) नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का कार्यभार संभाला (21.6.1991 से 18.1.1993 तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला (5.3.1993 से 16.5.1996* तक) रसायन और उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार संभाला (21.6.1991 से 17.2.1994 तक) खाद्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला (23.2.1994 से 10.2.1995 तक) जम्मू और कश्मीर मामले संबंधी विभाग का कार्यभार संभाला (1.11.1994 से 16.5.1996* तक) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाला (23.12.1994 से 11.6.1995 तक) मानव संसाधन विकास मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (26.12.1994 से 10.2.1995 तक) शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय का कार्यभार संभाला (10.9.1995 से 15.9.1995 तक) रेल मंत्रालय का कार्यभार संभाला (17.8.1995 से 16.5.1996* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		मानव संसाधन विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला (17.1.1996 से 16.5.1996* तक) शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय का कार्यभार संभाला (21.2.1996 से 16.5.1996* तक) नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का कार्यभार संभाला (20.2.1996 से 16.5.1996* तक) वाणिज्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला (3.4.1996 से 16.5.1996* तक) ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला (21.6.1991 से 11.6.1995 तक)
10.	**नेहरू, श्री जवाहरलाल**	प्रधान मंत्री तथा विदेश, राष्ट्रमंडल संबंध और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री (15.8.1947 से 26.1.1950* तक) प्रधान मंत्री तथा विदेश मंत्री और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री (26.1.1950 से 6.5.1950* तक) वाणिज्य तथा उद्योग और आपूर्ति मंत्रालयों का कार्यभार भी संभाला (19.4.1950 से 6.5.1950* तक) प्रधान मंत्री तथा विदेश मंत्री और वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग के प्रभारी मंत्री भी (6.5.1950 से 13.5.1952* तक) उद्योग तथा आपूर्ति मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (6.5.1950 से 13.5.1950 तक) वाणिज्य मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (6.5.1950 से 13.5.1950 तक) गृह मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (12.12.1950 से 26.12.1950 तक) प्रधान मंत्री तथा विदेश मंत्री (13.5.1952 से 17.4.1957* तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (27.1.1953 से 10.1.1955 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		वित्त मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (24.7.1956 से 30.8.1956 तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (30.1.1957 से 17.4.1957* तक) प्रधान मंत्री तथा विदेश मंत्री और परमाणु ऊर्जा मंत्री (17.4.1957 से 10.4.1962* तक) वित्त मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (14.2.1958 से 22.3.1958 तक) प्रधान मंत्री तथा विदेश मंत्री और परमाणु ऊर्जा मंत्री (10.4.1962 से 27.5.1964*, उनके निधन की तारीख तक) रक्षा मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (1.11.1962 से 21.11.1962 तक)
11.	**वाजपेयी, श्री अटल बिहारी**	विदेश मंत्री (26.3.1977 से 28.7.1979* तक) प्रधान मंत्री तथा रसायन और उर्वरक; नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण; कोयला; वाणिज्य; संचार; पर्यावरण और वन; खाद्य; खाद्य प्रसंस्करण उद्योग; मानव संसाधन विकास; श्रम; खान; अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस; योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन; विद्युत; रेल; ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार; विज्ञान और प्रौद्योगिकी; इस्पात; जल–भूतल परिवहन; वस्त्र; जल संसाधन; परमाणु ऊर्जा; इलेक्ट्रॉनिकी; जम्मू और कश्मीर संबंधी मामले; महासागर विकास; अंतरिक्ष तथा अन्य विषयों से संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी तथा उन विभागों के प्रभारी जो किसी अन्य कैबिनेट मंत्री को आबंटित नहीं किए गए थे। (16.5.1996 से 1.6.1996* तक) विदेश मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (16.5.1996 से 21.5.1996 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		प्रधान मंत्री और कृषि; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन; जल संसाधन मंत्रालयों और परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभागों के प्रभारी मंत्री रहे (19.3.1998 से 13.10.1999* तक) अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (19.3.1998 से 3.2.1999 तक) विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला (19.3.1998 से 5.12.1998 तक) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (19.3.1998 से 3.2.1999 तक) महासागर विकास विभाग और इलेक्ट्रॉनिकी विभाग (19.3.1998 से 3.2.1999 तक) जम्मू और कश्मीर मामलों संबंधी विभाग (19.3.1998 से 22.5.1998 तक) सूचना और प्रसारण मंत्रालय (11.10.1998 से 5.12.1998 तक) संचार मंत्रालय (11.10.1998 से 5.12.1998 तक) (पुनः 8.6.1999 से 13.10.1999* तक) रेल मंत्रालय (5.8.1999 से 6.8.1999 तक) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (14.8.1999 से 16.8.1999 तक) प्रधान मंत्री तथा योजना मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभागों का कार्यभार संभाला (13.10.1999 से 22.5.2004* तक) निम्नलिखित का कार्यभार संभालाः कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (13.10.1999 से 29.1.2003 तक) कृषि मंत्रालय (13.10.1999 से 22.11.1999 तक) (पुनः 3.3.2000 से 6.3.2000 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (13.10.1999 से 22.11.1999 तक) श्रम मंत्रालय (13.10.1999 से 22.11.1999 तक) महासागर विकास विभाग (13.10.1999 से 22.11.1999 तक) खान और खनिज मंत्रालय (4.3.2000 से 6.3.2000 तक) विद्युत मंत्रालय (23.8.2000 से 30.9.2000 तक) जल-भूतल परिवहन मंत्रालय (25.10.2000 से 7.11.2000 तक) रक्षा मंत्रालय (16.3.2001 से 18.3.2001 तक) रेल मंत्रालय (16.3.2001 से 20.3.2001 तक) कोयला और खान मंत्रालय (29.4.2002 से 1.7.2002 तक) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (13.10.1999 से 18.11.2001 तक) (पुनः 1.7.2002 से 22.5.2004 तक) विद्युत मंत्रालय (24.8.2002 से 26.8.2002 तक) पर्यावरण और वन मंत्रालय (21.12.2003 से 9.1.2004 तक) अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय (30.12.2003 से 9.1.2004 तक) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (15.1.2004 से 17.1.2004 तक)
12.	**शास्त्री, श्री लाल बहादुर**	रेल तथा परिवहन मंत्री (13.5.1952 से 7.12.1956, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक)

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		परिवहन तथा संचार मंत्री (17.4.1957 से 28.3.1958 तक) वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री (28.3.1958 से 5.4.1961 तक) गृह मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (26.2.1961 से 5.4.1961 तक) गृह मंत्री (5.4.1961 से 10.4.1962 तक) (पुनः 10.4.1962 से 1.9.1963 तक) निर्विभाग मंत्री (24.1.1964 से 27.5.1964* तक) (पुनः 27.5.1964 से 9.6.1964 तक) प्रधान मंत्री तथा परमाणु ऊर्जा मंत्री (9.6.1964 से 11.1.1966*, उनके निधन की तारीख तक) विदेश मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (9.6.1964 से 19.7.1964 तक)
13.	**सिंह, डॉ. मनमोहन**	वित्त मंत्री (21.6.1991 से 16.5.1996* तक) प्रधान मंत्री तथा उन मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी जो विशेष रूप से किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए थे। (22.5.2004 से 23.5.2004 तक) प्रधान मंत्री और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; योजना मंत्रालय; परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग के प्रभारी (23.5.2004 से 22.5.2009* तक) कोयला और खान मंत्रालय का कार्यभार संभाला (24.7.2004 से 27.11.2004 तक) कोयला मंत्रालय का कार्यभार संभाला (2.3.2005 से 29.1.2006 तक) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का कार्यभार संभाला (25.05.2005[1] से 18.11.2005 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

[1]तत्कालीन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री के निधन की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला (10.08.2005 से 18.11.2005 तक) शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला (1.11.2005 से 18.11.2005) विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला (7.11.2005 से 24.10.2006 तक) विद्युत मंत्रालय का कार्यभार संभाला (18.11.2005 से 29.1.2006 तक) श्रम और रोजगार मंत्रालय का कार्यभार संभाला (24.8.2006 से 24.10.2006 तक) कोयला मंत्रालय का कार्यभार संभाला (29.11.2006 से 22.5.2009* तक) पर्यावरण और वन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (15.5.2007 से 22.5.2009* तक) सूचना और प्रसारण मंत्रालय का कार्यभार संभाला (11.11.2008 से 22.5.2009* तक) वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला (30.11.2008 से 24.1.2009 तक) प्रधान मंत्री तथा उन मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी जो विशेष रूप से किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं किए गए (22.5.2009 से 23.5.2009 तक) (एक) प्रधान मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रभारी; (दो) योजना मंत्रालय; (तीन) परमाणु ऊर्जा विभाग; और (चार) अंतरिक्ष विभाग। (23.5.2009 से 26.05.2014* तक) जल संसाधन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (31.5.2009 से 14.6.2009 तक) संस्कृति मंत्रालय का कार्यभार संभाला (23.5.2009 से 19.1.2011 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		रेल मंत्रालय का कार्यभार संभाला (19.5.2011 से 12.7.2011 तक) (पुनः 15.6.2013 से 17.6.2013 तक) वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला (26.6.2012 से 31.7.2012 तक) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभाला (15.6.2013 से 17.6.2013 तक) आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (15.6.2013 से 17.6.2013 तक)
14.	**सिंह, श्री विश्वनाथ प्रताप**	वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (10.10.1974 से 23.12.1976 तक) वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (23.12.1976 से 24.3.1977* तक) वाणिज्य मंत्री (29.1.1983 से 7.9.1984 तक) आपूर्ति विभाग का कार्यभार भी संभाला (14.2.1983 से 7.9.1984 तक) उद्योग मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (14.8.1984 से 7.9.1984 तक) वित्त मंत्री (31.12.1984 से 14.1.1985 तक) वित्त, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्री (14.1.985 से 30.3.1985 तक) वित्त तथा वाणिज्य मंत्री (30.3.1985 से 25.9.1985 तक) वित्त मंत्री (25.9.1985 से 24.1.1987 तक) रक्षा मंत्री (24.1.1987 से 12.4.1987 तक) प्रधान मंत्री (2.12.1989 से 10.11.1990* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		परमाणु ऊर्जा; रक्षा; इलेक्ट्रॉनिकी; पर्यावरण और वन; महासागर विकास; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; विज्ञान और प्रौद्योगिकी; अंतरिक्ष मंत्रालयों/ विभागों का प्रभार तथा उन विभागों का प्रभार संभाला जो किसी कैबिनेट मंत्री अथवा स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री को आबंटित नहीं किए गए थे। (5.12.1989 से 10.11.1990* तक) कृषि मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (1.8.1990 से 10.11.1990* तक) पर्यावरण और वन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (2.12.1989 से 23.4.1990 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

भाग दो

उप प्रधान मंत्री

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
1.	**आडवाणी, श्री एल.के.**	सूचना और प्रसारण मंत्री (26.3.1977 से 28.7.1979* तक) गृह मंत्री (19.3.1998 से 13.10.1999* तक) (पुन: 13.10.1999 से 29.6.2002 तक) उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री (29.6.2002 से 1.7.2002 तक) उप प्रधान मंत्री, गृह मंत्री तथा कोयला और खान मंत्री (1.7.2002 से 26.8.2002 तक) उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री (26.8.2002 से 29.1.2003 तक) उप प्रधान मंत्री, गृह मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री (29.1.2003 से 22.5.2004* तक)
2.	**चव्हाण, श्री यशवन्तराव बलवन्तराव**	रक्षा मंत्री (21.11.1962 से 27.5.1964* तक) (पुन: 27.5.1964 से 9.6.1964* तक) (पुन: 9.6.1964 से 11.1.1966* तक) (पुन: 11.1.1966 से 24.1.1966* तक) (पुन: 24.1.1966 से 13.11.1966* तक) गृह मंत्री (13.11.1966 से 13.3.1967* तक) (पुन: 13.3.1967 से 27.6.1970 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		वित्त मंत्री (27.6.1970 से 18.3.1971* तक) (पुनः 18.3.1971 से 10.10.1974 तक) विदेश मंत्री (10.10.1974 से 24.3.1977* तक) उप प्रधान मंत्री तथा गृह मंत्री (28.7.1979 से 14.1.1980* तक)
3.	**जगजीवन राम, श्री**	श्रम मंत्री (15.8.1947 से 26.1.1950* तक) (पुनः 26.1.1950 से 6.5.1950* तक) (पुनः 6.5.1950 से 13.5.1952* तक) संचार मंत्री (13.5.1952 से 7.12.1956 तक) रेल तथा परिवहन मंत्री (7.12.1956 से 17.4.1957* तक) रेल मंत्री (17.4.1957 से 10.4.1962* तक) परिवहन तथा संचार मंत्री (10.4.1962 से 31.8.1963, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक) श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (24.1.1966 से 13.3.1967* तक) खाद्य तथा कृषि मंत्री (13.3.1967 से 27.6.1970 तक) श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री भी रहे (15.11.1969 से 18.2.1970 तक) रक्षा मंत्री (27.6.1970 से 18.3.1971* तक) (पुनः 18.3.1971 से 10.10.1974 तक) कृषि और सिंचाई मंत्री (10.10.1974 से 2.2.1977 तक) रक्षा मंत्री (28.3.1977 से 24.1.1979 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		नौवहन और परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (7.6.1977 से 17.6.1977 तक) उप प्रधान मंत्री तथा रक्षा मंत्री (24.1.1979 से 28.7.1979* तक)
4.	**देवी लाल, श्री**	उप प्रधान मंत्री तथा कृषि मंत्री (2.12.1989 से 1.8.1990 तक) उप प्रधान मंत्री (10.11.1990 से 21.11.1990 तक) उप प्रधान मंत्री तथा कृषि और पर्यटन मंत्री (21.11.1990 से 21.6.1991* तक)
5.	**पटेल, सरदार वल्लभभाई**	उप प्रधान मंत्री, गृह मंत्री, सूचना और प्रसारण और देसी रियासतों के मंत्री (15.8.1947 से 26.1.1950* तक) उप प्रधान मंत्री तथा गृह मंत्री (26.1.1950 से 6.5.1950* तक तथा पुन: 6.5.1950 से 15.12.1950 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

भाग तीन

कैबिनेट मंत्री

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
1.	**अंतुले, श्री ए.आर.**	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (11.6.1995 से 16.5.1996* तक) साथ ही, जल संसाधन मंत्री (7.2.1996 से 16.5.1996* तक) अल्पसंख्यक मामले मंत्री (29.1.2006 से 22.5.2009* तक)
2.	**अंसारी, श्री जियाउर्रहमान**	औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप मंत्री (6.2.1973 से 10.10.1974 तक) उद्योग तथा नागरिक आपूर्ति मंत्रालय में उप मंत्री (10.10.1974 से 3.1.1976 तक) पेट्रोलियम मंत्रालय में उप मंत्री (3.1.1976 से 24.3.1977* तक) वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (3.3.1980 से 19.10.1980 तक) सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (19.10.1980 से 29.1.1983 तक) नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (29.1.1983 से 31.10.1984* तक) (पुनः 4.11.1984 से 31.12.1984* तक) नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (31.12.1984 से 25.9.1985 तक) पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (25.9.1985 से 14.2.1988 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (14.2.1988 से 25.6.1988 तक) पर्यावरण एवं वन मंत्री (25.6.1988 से 2.12.1989* तक)
3.	**अजित सिंह, श्री**	उद्योग मंत्री (6.12.1989 से 10.11.1990* तक) खाद्य मंत्री (10.2.1995 से 16.5.1996* तक) कृषि मंत्री (22.7.2001 से 24.5.2003, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक) नागर विमानन मंत्री (18.12.2011 से 26.5.2014*)
4.	**अनंत कुमार, श्री**	नागर विमानन मंत्री (पुनः 19.3.1998 से 13.10.1999* तक) साथ ही पर्यटन मंत्री (30.1.1999 से 13.10.1999* तक) संस्कृति, युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (13.10.1999 से 2.2.2000 तक) पर्यटन मंत्री और संस्कृति विभाग का अतिरिक्त प्रभार (2.2.2000 से 27.5.2000 तक) पर्यटन और संस्कृति मंत्री (27.5.2000 से 1.9.2001 तक) शहरी विकास और गरीबी उपशमन मंत्री (1.9.2001 से 12.7.2003, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक) ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला (6.4.2003 से 24.5.2003 तक)
5.	**अब्दुल्ला, डॉ. फारूख**	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (28.5.2009 से 26.05.2014 तक)**

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

**पन्द्रहवीं लोक सभा के मंत्री परिषद् के त्यागपत्र दिए जाने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
6.	**अमृत कौर, राजकुमारी**	स्वास्थ्य मंत्री (15.8.1947 से 26.1.1950* तक) (पुनः 26.1.1950 से 6.5.1950* तक) (पुनः 23.6.1950 से 13.5.1952* तक) (पुनः 13.5.1952 से 16.4.1957* तक)
7.	**अम्बेडकर, डॉ. बी.आर.**	विधि मंत्री (15.8.1947 से 26.1.1950* तक) (पुनः 26.1.1950 से 8.5.1950* तक) (पुनः 8.5.1950 से 11.10.1951 तक)
8.	**अय्यर, श्री मणिशंकर**	निर्विभाग मंत्री (22.5.2004 से 23.5.2004 तक) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (23.5.2004 से 29.1.2006 तक) पंचायती राज मंत्री (23.5.2004 से 22.5.2009* तक) साथ ही युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (29.1.2006 से 6.4.2008 तक) साथ ही, उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री (24.10.2006 से 22.5.2009* तक)
9.	**अरुणाचलम, श्री एम.**	उद्योग मंत्रालय–औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (25.9.1985 से 2.12.1989* तक) शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (21.6.1991 से 18.1.1993 तक) लघु तथा कृषि उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (18.1.1993 से 3.4.1996 तक) शहरी कार्य तथा रोजगार मंत्री (1.6.1996 से 29.6.1996 तक) श्रम मंत्री (29.6.1996 से 21.4.1997* तक) (पुनः 1.5.1997 से 9.6.1997 तक) रसायन और उर्वरक मंत्री (9.6.1997 से 19.3.1998* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
10.	**अर्जुन सिंह, श्री**	वाणिज्य मंत्री (15.11.1985 से 20.1.1986 तक) संचार मंत्री (22.10.1986 से 14.2.1988 तक) मानव संसाधन विकास मंत्री (21.6.1991 से 24.12.1994 तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2004 से 23.5.2004 तक) मानव संसाधन विकास मंत्री (23.5.2004 से 22.5.2009* तक)
11.	**अलागिरी, श्री एम.के.**	रसायन और उर्वरक मंत्री (28.5.2009 से 20.3.2013 तक)
12.	**अहमद, श्री फखरुद्दीन अली**	सिंचाई और विद्युत मंत्री (29.1.1966 से 13.11.1966 तक) शिक्षा मंत्री (13.11.1966 से 13.3.1967* तक) औद्योगिक विकास और कंपनी कार्य मंत्री (13.3.1967 से 14.2.1969* तक) औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार और कंपनी कार्य मंत्री (14.2.1969 से 27.6.1970 तक) खाद्य तथा कृषि मंत्री (27.6.1970 से 18.3.1971* तक) (पुनः 18.3.1971 से 2.5.1971 तक) कृषि मंत्री (2.5.1971 से 3.7.1974 तक)
13.	**आजाद, मौलाना अबुल कलाम**	शिक्षा मंत्री (15.8.1947 से 26.1.1950* तक) (पुनः 26.1.1950 से 6.5.1950* तक) (पुनः 6.5.1950 से 13.5.1952* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		शिक्षा तथा प्राकृतिक संसाधन और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री (13.5.1952 से 17.4.1957* तक) शिक्षा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री (17.4.1957 से 22.2.1958, उनके निधन की तारीख तक)
14.	**आजाद, श्री गुलाम नबी**	संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (31.12.1984 से 25.9.1985 तक) संसदीय कार्य मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (25.9.1985 से 12.5.1986 तक) गृह मंत्रालय (राज्य विभाग) में राज्य मंत्री (12.5.1986 से 22.10.1986 तक) खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (22.10.1986 से 7.9.1987 तक) संसदीय कार्य मंत्री (21.6.1991 से 18.1.1993 तक) नागर विमानन तथा पर्यटन मंत्री (9.1.1993 से 16.5.1996* तक) संसदीय कार्य मंत्री (18.1.1996 से 16.5.1996* तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2004 से 23.5.2004 तक) संसदीय कार्य तथा शहरी विकास मंत्री (23.5.2004 से 1.11.2005, अपने त्यागपत्र देने की तिथि तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2009 से 28.5.2009 तक) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (28.5.2009 से 26.05.2014* तक) जल संसाधन मंत्री (1.2.2014 से 26.05.2014* तक)
15.	**आयंगर, श्री एन. गोपालस्वामी**	निर्विभाग मंत्री (26.9.1947 से 17.8.1948 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		परिवहन तथा रेल मंत्री (17.8.1948 से 26.1.1950* तक) (पुनः 26.1.1950 से 6.5.1950* तक) (पुनः 6.5.1950 से 26.12.1950* तक) देसी रियासतों के मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (12.12.1950 से 26.12.1950* तक) (पुनः 26.12.1950 से 13.5.1952* तक) रक्षा मंत्री (13.5.1952 से 10.2.1953, उनके निधन की तारीख तक)
16.	**इब्राहिम, श्री सी.एम.**	नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (1.6.1996 से 29.6.1996 तक) साथ ही सूचना और प्रसारण मंत्री (1.6.1996 से 21.4.1997* तक) नागर विमानन मंत्री (29.6.1996 से 19.3.1998* तक) सूचना और प्रसारण मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (21.4.1997 से 1.5.1997 तक)
17.	**इब्राहिम, श्री हाफिज मोहम्मद**	सिंचाई और विद्युत मंत्री (2.4.1958 से 10.4.1962* तक) (पुनः 10.4.1962 से 26.6.1963 तक)
18.	**उन्नीकृष्णन, श्री के.पी.**	जल-भूतल परिवहन मंत्री तथा साथ ही संचार मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला (6.12.1989 से 23.4.1990 तक) जल-भूतल परिवहन मंत्री (23.4.1990 से 10.11.1990* तक)
19.	**उपेन्द्र, श्री पी.**	सूचना तथा प्रसारण और संसदीय कार्य मंत्री (6.12.1989 से 10.11.1990* तक)
20.	**उमा भारती, सुश्री**	मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (19.3.1998 से 13.10.1999* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में युवक कार्यक्रम, खेल, महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्यभार संभाला (1.3.1999 से 13.10.1999* तक) पर्यटन मंत्रालय की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (13.10.1999 से 2.2.2000 तक, उनके द्वारा त्यागपत्र दिये जाने की तारीख तक) युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (7.11.2000 से 26.8.2002 तक) कोयला और खान मंत्री (26.8.2002 से 29.1.2003, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक)
21.	**एंटोनी, श्री ए.के.**	नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री (18.1.1993 से 8.2.1995 तक) रक्षा मंत्री (24.10.2006 से 22.5.2009* तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2009 से 23.5.2009 तक) रक्षा मंत्री (23.5.2009 से 26.05.2014 तक)
22.	**ओला, श्री शीश राम**	रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (29.6.1996 से 21.4.1997* तक) (पुन: 21.4.1997 से 9.6.1997 तक) जल संसाधन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (9.6.1997 से 19.3.1998* तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2004 से 23.5.2004 तक) श्रम और रोजगार मंत्री (23.5.2004 से 27.11.2004 तक) खान मंत्री (27.11.2004 से 22.5.2009* तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		श्रम और रोजगार मंत्री (17.6.2013 से 15.12.2013 तक)
23.	**कक्कड़, श्री एस.एन.**	विधि, न्याय तथा कंपनी कार्य मंत्री (3.8.1979 से 14.1.1980* तक)
24.	**कटोच, श्रीमती चन्द्रेश कुमारी**	संस्कृति मंत्री (28.10.2012 से 26.5.2014* तक)
25.	**कबीर, श्री हुमायूं**	परिवहन और संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (17.4.1957 से 10.4.1958 तक) वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री (10.4.1958 से 10.4.1962@@ तक) (पुनः 10.4.1962 से 21.11.1963@@ तक) शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (1.9.1963 से 21.11.1963 तक) पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (21.11.1963 से 27.5.1964@@ तक) (पुनः 27.5.1964 से 9.6.1964* तक) (पुनः 9.6.1964 से 11.1.1966* तक) (पुनः 11.1.1966 से 24.1.1966* तक)
26.	**कमल नाथ, श्री**	पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (21.6.1991 से 15.9.1995 तक) वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (15.9.1995 से 16.5.1996* तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2004 से 23.5.2004 तक) वाणिज्य और उद्योग मंत्री (23.5.2004 से 22.5.2009* तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2009 से 28.5.2009 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

@@कैबिनेट स्तर के मंत्री परंतु कैबिनेट के सदस्य नहीं।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री (28.5.2009 से 19.1.2011 तक) शहरी विकास मंत्री (19.1.2011 से 26.5.2014* तक) संसदीय कार्य मंत्री (28.10.2012 से 26.5.2014* तक)
27.	**करुणाकरन, श्री के.**	उद्योग मंत्री (11.6.1995 से 16.5.1996* तक)
28.	**कर्ण सिंह, डॉ.**	पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्री (16.3.1967 से 18.3.1971* तक) (पुनः 18.3.1971 से 9.11.1973 तक) स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (9.11.1973 से 24.3.1977* तक) शिक्षा और संस्कृति मंत्री (30.7.1979 से 14.1.1980* तक)
29.	**कल्वी, श्री कल्याण सिंह**	ऊर्जा मंत्री (21.11.1990 से 21.6.1991* तक)
30.	**काटजू, डॉ. कैलाश नाथ**	गृह मंत्री तथा विधि मंत्री (5.11.1951 से 13.5.1952* तक) गृह तथा देसी रियासतों के मंत्री (13.5.1952 से 10.1.1955 तक) रक्षा मंत्री (10.1.1955 से 30.1.1957 तक)
31.	**किदवई, श्रीमती मोहसिना**	श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (11.9.1982 से 29.1.1983 तक) स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (29.1.1983 से 2.8.1984 तक) ग्रामीण विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (2.8.1984 से 31.10.1984* तक) ग्रामीण विकास मंत्री (4.11.1984 से 31.12.1984* तक) स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री (31.12.1984 से 24.6.1986 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		परिवहन मंत्री (24.6.1986 से 22.10.1986 तक) शहरी विकास मंत्री (22.10.1986 से 2.12.1989* तक) पर्यटन मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला (14.2.1988 से 25.6.1988 तक)
32.	**किदवई, श्री रफी अहमद**	संचार मंत्री (15.8.1947 से 26.1.1950* तक) (पुनः 26.1.1950 से 6.5.1950* तक) (पुनः 6.5.1950 से 2.8.1951 तक) खाद्य और कृषि मंत्री (13.5.1952 से 24.10.1954, उनके निधन की तारीख तक)
33.	**किन्डिया, श्री पी.आर.**	निर्विभाग मंत्री (22.5.2004 से 23.5.2004 तक) उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री (23.5.2004 से 24.10.2006 तक) जनजातीय कार्य मंत्री (23.5.2004 से 22.5.2009* तक)
34.	**कुमार, श्री अश्विनी**	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग में राज्य मंत्री (29.1.2006 से 22.5.2009* तक) योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (19.1.2011 से 28.10.2012 तक) संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (19.1.2011 से 12.7.2011 तक) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (19.1.2011 से 28.10.2012 तक) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री (19.1.2011 से 28.10.2012 तक) विधि और न्याय मंत्री (28.10.2012 से 11.5.2013 तक)
35.	**कुमारमंगलम, श्री एस. मोहन**	इस्पात और हैवी इंजीनियरिंग मंत्री (18.3.1971 से 2.5.1971 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		इस्पात और खान मंत्री (2.5.1971 से 31.5.1973, उनके निधन की तारीख तक)
36.	**कुमारमंगलम, श्री पी.आर.**	संसदीय कार्य तथा विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालयों में राज्य मंत्री (21.6.1991 से 2.7.1992 तक) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (इलेक्ट्रॉनिकी विभाग, महासागर विकास विभाग) और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (2.7.1992 से 2.12.1993 तक) विद्युत मंत्री (19.3.1998 से 13.10.1999* तक) संसदीय कार्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला (30.1.1999 से 13.10.1999* तक) अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय का कार्यभार संभाला (3.2.1999 से 13.10.1999* तक) विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय का कार्यभार संभाला (9.4.1999 से 8.6.1999 तक) विद्युत मंत्री (13.10.1999 से 23.8.2000, उनके निधन की तारीख तक) खान और खनिज मंत्रालय का कार्यभार संभाला (6.3.2000 से 27.5.2000 तक)
37.	**कुमारी सेलजा**	मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा और संस्कृति विभाग में उप मंत्री (2.7.1992 से 15.9.1995 तक) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (15.9.1995 से 16.5.1996* तक) निर्विभाग मंत्री (22.5.2004 से 23.5.2004 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		शहरी रोजगार और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय के राज्य मंत्री (23.5.2004 से 1.6.2006 तक) **आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (1.6.2006 से 22.5.2009* तक) आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्री (28.5.2009 से 28.10.2012 तक) पर्यटन मंत्री (28.5.2009 से 19.1.2011 तक) संस्कृति मंत्री (19.1.2011 से 28.10.2012 तक) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री) (28.10.2012 से 28.1.2014 तक)
38.	**कुरैशी, श्री मुहम्मद शफी**	वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (29.1.966 से 13.3.1967* तक) (पुनः 18.3.1967 से 14.2.1969 तक) इस्पात तथा हैवी इंजीनियरिंग मंत्रालय में उप मंत्री (14.2.1969 से 18.3.1971* तक) (पुनः 18.3.1971 से 2.5.1971 तक) रेल मंत्रालय में उप मंत्री (2.5.1971 से 10.10.1974 तक) रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (10.10.1974 से 24.3.1977 तक) पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्री (30.7.1979 से 14.1.1980* तक)
39.	**कृष्णा, श्री एस.एम.**	उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (29.1.1983 से 7.2.1984 तक) वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (7.2.1984 से 7.9.1984 तक) वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (7.9.1984 से 31.10.1984* तक) (पुनः 4.11.1984 से 31.12.1984* तक)

** मंत्रालय के नाम के परिवर्तन की अधिसूचना की तिथि (1.6.2006)

* मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
		निर्विभाग मंत्री (22.5.2009 से 23.5.2011 तक) विदेश मंत्री (23.5.2009 से 27.10.2012 तक)
40.	**कृष्णामाचारी, श्री टी.टी.**	वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री (13.5.1952 से 30.8.1956 तक) वित्त मंत्री (30.8.1956 से 17.4.1957 तक) (पुनः 17.4.1957 से 14.2.1958, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक) निर्विभाग मंत्री (8.6.1962 से 14.11.1962 तक) आर्थिक तथा रक्षा समन्वय मंत्री (14.11.1962 से 31.8.1963 तक) वित्त मंत्री (31.8.1963 से 31.12.1965 तक)
41.	**केसरी, श्री सीताराम**	संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (3.3.1980 से 15.1.1982 तक) नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (15.1.1982 से 29.1.1983, उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की तारीख तक) संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (25.9.1985 से 22.10.1985 तक) कल्याण मंत्री (21.6.1991 से 16.5.1996* तक)
42.	**कोटड़िया, श्री मनुभाई**	जल संसाधन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (6.12.1989 से 5.11.1990 तक) जल संसाधन मंत्री (21.11.1990 से 26.4.1991 तक) जल-भूतल परिवहन मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार संभाला (21.11.1990 से 26.4.1991 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
43.	**कौल, श्रीमती शीला**	संस्कृति और समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (19.10.1980 से 8.8.1981 तक) शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (24.11.1980 से 8.8.1981 तक) शिक्षा तथा संस्कृति और समाज कल्याण मंत्रालय की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (8.8.1981 से 31.10.1984* तक) (पुनः 4.11.1984 से 31.12.1984* तक) शहरी विकास मंत्री (21.6.1991 से 3.5.1995 तक) शहरी कार्य और रोजगार मंत्री (3.5.1995 से 10.9.1995 तक)
44.	**कौशल, श्री जगन्नाथ**	विधि, न्याय तथा कंपनी कार्य मंत्री (15.1.1982 से 31.10.1984* तक) विधि तथा न्याय मंत्री (4.11.1984 से 31.12.1984* तक)
45.	**कौशिक, श्री पुरुषोत्तम**	पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (26.3.1977 से 15.7.1979 तक) सूचना और प्रसारण मंत्री (28.7.1979 से 14.1.1980* तक)
46.	**खंडूड़ी, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र**	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (7.11.2000 से 24.5.2003 तक) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री (24.5.2003 से 22.5.2004* तक) शहरी विकास और गरीबी उपशमन मंत्रालय का कार्यभार संभाला (12.7.2003 से 8.9.2003 तक)
47.	**खन्ना, जस्टिस एच.आर.**	विधि, न्याय तथा कंपनी कार्य मंत्री (30.7.1979 से 3.8.1979 तक)

*मंत्रिपरिषद् के भंग होने की तारीख।

क्रम सं.	नाम	संविभाग तथा अवधि
48.	**खरगे, श्री मल्लिकार्जुन**	श्रम और रोजगार मंत्री (28.5.2009 से 17.6.2013 तक) रेल मंत्री (17.6.2013 से 26.5.2014* तक) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (28.1.2014 से 26.5.2014* तक)
